# भर्ती हेतु सूचना
# परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी का कार्य आठ प्रभागों में वितरित है, जिनके नाम हैं– सामुदायिक प्रक्रिया, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य नियोजन, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, एचएमआईएस और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार के पद पर भर्ती करने का इच्छुक है।

**पद का संक्षिप्त विवरण**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को आरंभ किए जाने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले व्यक्तियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, इन स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, राज्यों को तकनीकी सहायता मुहैया कराने के साथ–साथ एनआरएचएम/एनएचएम पीआईपी के तहत धन मुहैया करा कर राज्यों का सहयोग करता रहा है।

पदग्राही से अपेक्षा की जाती है कि वह एनएचएसआरसी की क्यूआई टीम में शामिल होगा, और प्रशिक्षण देने, प्रेरित करने, गुणवत्ता मानकों और इनके आकलन की प्रणाली को राज्यों की जरूरतों के अनुकूल बनाने हेतु जरूरी जांच–सूचियां तैयार करने, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन करने, कमियों को दूर करने में स्वास्थ्य केंद्रों की सहायता करने और आवश्यकतानुसार प्रमाणन प्रक्रिया में सहयोग देने, जैसे विविध कार्य संपादित करेगा।

पदग्राही का कार्य बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण और उत्प्रेरक है, क्योंकि कोई भी दो परिस्थितियां एक जैसी नहीं होती। उसे स्वयं पहल करने वाला और अभिप्रेरित होना चाहिए, और किसी पर्यवेक्षण के बिना कार्य करने की क्षमता होनी चाहिए।

रोगियों द्वारा दवाओं की खरीद पर अपनी जेब से सबसे अधिक खर्च, किया जाता है, और मंत्रालय, दवाओं और रसद खरीद प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में राज्यों को सहयोग कर रहा है, अतः पदग्राही से इस भूमिका में भी योगदान करने की अपेक्षा की जा सकती है।

**कार्य एवं दायित्वः**

पदग्राही से बहु–आयामी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है जिसका संक्षिप्त ब्यौरा निम्नवत् है–

1. उसे टीम में कार्य करना पसंद हो,
2. पदग्राही का एक प्रमुख दायित्व, राज्यों एवं जिलों का दौरा करना और गुणवत्ता एश्योरेन्स (क्यूए) प्रशिक्षण प्रदान करना है। अतः उम्मीदवार के पास भाषा (हिंदी और अंग्रेजी) को बोलने और लिखने की उत्कृष्ट दक्षता सहित, प्रशिक्षण प्रदान करने का कौशल होना चाहिए,
3. राज्यों, जिलों और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केद्रों की यात्रा करने का इच्छुक हो,
4. मसौदा और रिपोर्ट लेखन,
5. प्रशिक्षणों के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करना और उनकी समीक्षा करना,
6. राज्यों और जिलों की गुणवत्ता एश्योरेन्स इकाइयों के संचालन में राज्यों और जिलों को तकनीकी सहायता प्रदान करना,
7. आंतरिक और बाह्य लेखापरीक्षाओं के आयोजन की सुविधा प्रदान करना,
8. औषधियों एवं रसद खरीद प्रणाली की समीक्षा करना
9. सलाहकार– गुणवत्ता सुधार द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

**योग्यताएं:**
उपर्युक्त कार्यों को संपन्न करने के लिए आवेदक के पास निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव होना अपेक्षित है–

***अनिवार्य–***

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष/फार्मेसी/नर्सिंग में स्नातक उपाधि
2. गुणवत्ता एश्योरेन्स परियोजनाओं में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव। उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए अनुभव अवधि में कमी की जा सकती है।
3. उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल– मौखिक (हिंदी और अंग्रेजी) और लिखित (अंग्रेजी)
4. एमएस–ऑफिस पैकेज में प्रवीणता

***वांछनीय–***

1. किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से अस्पताल/स्वास्थ्य प्रबंधन में उन्नत योग्यता
2. गुणवत्ता प्रणाली में मान्यताप्राप्त योग्यता, फील्ड का गहन अनुभव रखने वाले योग्य उम्मीदवारों के मामले में इससे छूट दी जा सकती है।
3. अस्पताल के प्रशासन विभाग में कार्य करने का अनुभव
4. उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जा सकती है, जिन्होंने सीधे तौर पर ऐसे कार्य किए हैं, जिनके फलस्वरूप अस्पतालों को आईएसओ 9001/एनएबीएच/जेसीआई/एनएबीएल जैसे प्रमाण पत्र/मान्यता मिली हो।

**नोट–**

1. केवल कुछ चुने हुए उम्मीदवारों को ही आगे की परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
2. उम्मीदवारों को 'ऑन–लाइन परीक्षा' देने के लिए कहा जा सकता है।
3. उम्मीदवारों को सार लेखन और/या तदुपरांत किसी दिए गए विषय पर अंग्रेजी/हिंदी में मौखिक प्रस्तुति के लए कहा जा सकता है।
4. चयन के 4–6 सप्ताह के भीतर उम्मीदवार को कार्य ग्रहण करना होगा। 3 महीने की परिवीक्षा अवधि है।
5. सरकार/निगम/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आवेदकों को साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा।

कृपया ध्यान रहे कि योग्य उम्मीदवारों के लिए उपर्युक्त (अनिवार्य एवं वांछनीय) योग्यता मानदंडों में ढील दी जा सकती है।

**आयु सीमा:** अधिकतम 40 वर्ष और यात्रा करने के लिए उत्तम स्वास्थ्य। उपयुक्म अभ्यर्थी के लिए आयु में ढील दी जा सकती है।

**कार्य स्थल:** नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार विभिन्न राज्यों एवं जिलों की अत्यधिक यात्रा। यात्रा अवधि महीने के 50 प्रतिशत तक हो सकती है।

**संविदा अवधि:** 3 माह की परिवीक्षा अवधि सहित एक वर्ष

**पारिश्रमिक सीमा:** प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

**आवेदन करने के लिए:** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **20-Apr-2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।